## सार-समाचार

### निसार मकरानी ने रखा पहला रोजा

**डूंगरपुर।** एम एम बी ग्रुप डूंगरपुर के सदर नूर मोहम्मद मकरानी के नवासे मोहम्मद निसार मकरानी जिनकी उम्र 3 साल 11 माह है। आज उस मासूम बच्चे ने आज अपना पहला रोजा रखकर अल्लाह ताला की इबादत की। नूर मोहम्मद मकरानी ने बताया कि निसार ने आज अपनी मर्जी से ही वक्त ए सेहरी पर उठ कर सेहरी की ओर सभी को कहा कि मैं रोजा रखूंगा इस बात पर सभी को हैरानी में डाल दिया। ज्ञात रहे कि निसार के भाई अब्दुल हाफिज अपने पूरे रोजे मुकम्मल कर रहे हैं और उसकी बहन मेहरीन फातिमा भी रोजे रख रही हैं। निसार मकरानी के वालिद मोहम्मद वसीम और वालिदा मखदूमा मकरानी और दादी अनिसा मकरानी ने उसको मुबारकबाद दी। इस नेक मौके पर पूरे मकरानी परिवार ने मोहम्मद निसार को मुबारकबाद दी।

### महिला ने की आत्महत्या

**उदयपुर,।** नाई थाना क्षैत्र में महिला ने अपने मकान में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार नाई थाना क्षैत्र शंकर खेड़ा निवासी लाली पत्नी उदा गमेती ने अपने मकान में फांसी लगा आत्महत्या कर ली।28 फरवरी को लाली गांव में होली महोत्सव के चलते गीत गाने के लिए घर से निकली थी। रात में लौटने के बाद उसने कमरे में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। दूसरे दिन इसका पता चलने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। इस पर पुलिस ने पीहर पक्ष कालीवास सूचना देकर मृतका को एमबी चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया। जहां बुधवार को हेडकांस्टेबल दिनेश पटेल ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### लाखों की नकदी वसूली

**उदयपुर,।** शहर के सुखेर थाना पुलिस ने सीए के खिलाफ निवेश के नाम पर लाखों की नकदी वसूल कर पीडित के साथ ठ्गी करने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित रणजीतसिंह राव पुत्र कानसिंह निवासी आसोलियों की मादड़ी हॉल बी ब्लॉक चित्रकूटनगर भुवाणा ने अपने परिचीत सीए देवेन्द्रसिंह उर्फ चीनू पुत्र शंकरसिंह राव निवासी मुम्बई के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि आरोपी मेरे परिचित होकर नजदीकीयां है। गत दिनों उसने सीए होने की बात कहते हुए कंपनी में निवेश करने पर अच्छा लाभ मिलने का आश्वासन देकर 69 लाख रूपये वसूल लिए। कुछ समय बाद आरोपी ने केवल 26 लाख रूपये का भुगतान किया तथा शेष नकदी नहीं दी।इसकी मांग करने पर टालम टोल करना शुरू कर दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच एएसआई महिपालसिंह कर रहे है।

### चाकूबाजी में मारे गए किशोर का शव सौपा

**उदयपुर,।** आपसी रंजिश के चलते चाकू से किए गए हमले में घायल युवक की मौत होने के तीसरे दिन मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा। प्रकरण के अनुसार 2 मार्च सांय जिले के बालवाड़ा थाना क्षैत्र काटवी रोड़ कानपुर में आपसी रंजिश के चलते निचला तालाब निवासी जगदीश पुत्र लक्ष्मणसिंह व साथी आपसी रंजिश के चलते पीडित कैलाश खोखरिया पुत्र नवला निवासी ढीकावास के पुत्र राकेश (16) व उसके मित्र उमेश सिंह उर्फ कालु निवासी पहाड़ा पर चाकू से हमला कर फरार हो गए। इसकी सूचना मिलने पर थानाधिकारी गणपतसिंह मय जाप्ता ने मौके पर पहुंच कर घायल को उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया तथा मृतक को मोर्चरी में रखवाया। घटना के तीसरे दिन बुधवार को पुलिस ने मृतक राकेश का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा। प्रकरण की जांच थानाधिकारी कर रहे है। प्रारंभिक अनुसंधान में गत दिनों दोनों पक्षों के बीच किसी बात को लेकर विवाद होने से रंजिश बढ गई थी।

### हमले में किशोर की मौत

**उदयपुर,।** सूरत में मजदूरी कर घर लौटते समय अज्ञात हमलावरों नें चाकू से हमला कर किशोर की हत्या कर दी। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार झाड़ोल निवासी प्रथा (16) पुत्र लिम्बा मीणा सूरत में काम करता था एवं 2 मार्च को घर लौट रहा था। जहां बीच रास्ते माण्डवा खेत रोड़ पर स्थित दुकान पर रूका । जहां किसी बात को लेकर अज्ञात बदमाश से झगड़ा होने पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर घायल होने पर उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर झाड़ोल थानाधिकारी फेलीराम ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। इस मामले में पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू की।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**उदयपुर,।** गोवर्धन विलास हाइवे पर आमने सामने बाइक की भिडंत में घायल युवक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार वाघपुरा झाड़ोल निवासी दिता पुत्र अम्बा खंडेरा मीणा शहर से मजदूरी कर वापस बाइक से घर लौट रहा था। जहां बीच रास्ते में वलिचा दक्षिण विस्तार कृषि मण्डी रोड़ पर अज्ञात बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में गंभीर घायल होने पर उसे उपचार के लि एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया जहां उसकी मौत हो गई।

# मुख्यमंत्री का मन्तव्य, स्वच्छता के साथ किसी प्रकार का समझौता नही : गुप्ता

- **राजस्थान को खड्ढा मुक्त, गंदगी मुक्त और प्लास्टिक मुक्त बनाएंगे**

**डूंगरपुर।** स्वच्छ भारत मिशन शहर के प्रदेश ब्रांड एंबेसडर के के गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा साहब के स्पष्ट निर्देश हैं कि स्वच्छता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। शहरी निकाय अथवा ग्राम स्तर पर एसबीएम से संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों की लापरवाही और काम में बहानेबाजी को बर्दाश्त नहीं करते हुए सख्त कार्यवाही की जाएगी। गुप्ता ने बताया कि आज प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा स्वच्छ भारत मिशन को लेकर अत्यंत गंभीरता के साथ में प्रत्येक जिले की एसबीएम गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश अनुसार प्रदेश के प्रत्येक जिले के आधिकारिक एसबीएम व्हाट्सएप ग्रुप में स्वच्छ भारत मिशन शहर और ग्रामीण के निदेशक तथा प्रमुख शासन सचिव महोदय जुडे हुए हैं। उनके द्वारा भी दैनिक ङ्क्रियाकलापों पर मॉनिटरिंग की जा रही है। गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री महोदय का संकल्प है कि राजस्थान प्रदेश को स्वच्छ बनाना है। प्रदेश की जनता स्वच्छता के वातावरण में निवास करेगी तो स्वास्थ्य अनुकूल होगा इस प्रकार हम स्वच्छ राजस्थान स्वस्थ राजस्थान की परिकल्पना को साकार कर सकते हैं। अभी आयुष्मान बीमा योजना में प्रतिवर्ष करोडों रुपया व्यय किया जा रहा है,वहीं यदि लोग स्वस्थ रहेंगे तो यह सरकारी रुपया अन्य आधारभूत विकास कार्यों में उपयोग में लिया जा सकता है। राजस्थान प्रदेश को खड्डा मुक्त, गंदगी मुक्त और प्लास्टिक मुक्त बनाएंगे । ब्रांड एंबेसडर गुप्ता ने बताया कि डूंगरपुर नगर स्वच्छता के मॉडल के रूप में जाना पहचाना जाता है और सरकार द्वारा मुझे यह दायित्व दिया गया है इसके पीछे भी डूंगरपुर स्वच्छता मॉडल का ही योगदान है। मेरे सभापति कार्यकाल वर्ष 2०15 से 2०2० के दौरान डूंगरपुर नगर के प्रत्येक निवासी और टीम नगर परिषद के प्रत्येक कर्मचारी ने दिन.रात एक करके समर्पित भाव से स्वच्छता में अपना योगदान दिया उसी की बदौलत आज डूंगरपुर निकाय राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता में अपना नाम रखता है। वर्तमान में मेरे पास पूरे राजस्थान प्रदेश का स्वच्छता का दायित्व है लेकिन प्राथमिकता में डूंगरपुर शहर रहेगा। वर्तमान में डूंगरपुरवासी अवस्थाओं को झेल रहे हैंए लेकिन अब स्थिति में सुधार होगा। डूंगरपुर नगर में पिछले तीन वर्षों से सीवरेज लाइन का कार्य चल रहा है। संबंधित ठेकेदार को अब पाबंद किया गया है कि जहां.जहां सडक खोद दी गई है उसे पहले रिपेयर करें उसके बाद में काम आगे बढाएं और नए काम शुरू करने के लिए भी कुछ मीटर खुदाई करके पाइप लाइन वह अन्य कार्य पूरा करते हुए तुरंत ही खोदी गई सडक की मरम्मत कार्य करने के लिए पाबंद किया गया है। डूंगरपुर नगर में प्लास्टिक के थैलियों का उपयोग धडल्ले से हो रहा है। इसकी रोकथाम के लिए नगर परिषद टीम को निर्देश दिए गए हैं।

### आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर,।** शहर के अम्बामाता थाना क्षैत्र आपसी रंजिश के चलते आरोपी ने चाकू से हमला कर युवक को घायल किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित मोहम्मद सलीम पुत्र गुल मोहम्मद निवासी गरीब नवाज कॉलोनी अम्बामाता ने आरोपी रीहान पुत्र शेर मोहम्मद निवासी गरीब नवाज कॉलोनी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 2 मार्च को मेरो पुत्र मोहम्मद अर्श मंसूरी नोहरा गरीब नवाज कॉलोनी के बाहर मित्रों के साथ बातचीत कर रहा था। इस दौरान आया बदमाश चाकू से मेरे पुत्र के पेट पर हमला कर फरार हो गया। हमले में घायल पुत्र को उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर अम्बामाता थानाधिकादी दलपतसिंह के नेतृत्व में एएसआई अमजद खां मय टीम ने आरोपी रीहान को गिरफ्तार किया।


**GENERAL INFORMATION**

This is to inform that **Aadish Khodniya S/o Dinesh Khodniya** partner retired in partnership wef 01.01.2026 in firm M/s SKK Hotel, 43-44 I-Block Hiran Magri Sector no. 14, Udaipur, -313001 (Rajasthan) registered with Registrar of Firms Udaipur vide Registration No. RF/UDP/2024/503. If any one have objection in the reconstitution partnership as above, please inform for such object to the registrar of Firms (Jila Udyog & Vanijya Kendra), MIA Udaipur Within 7 days time period From this publication.

**For SKK Hotel, Partner**


### कांस्टेबल की सड़क हादसे में मौत

**उदयपुर,** (का.स.) । उदयपुर में बुधवार को अपराधी को पकडने जा रहे कॉन्स्टेबल की मौत हो गई। वह अपनी निजी कार से तीन लोगों के साथ जा रहे थे। रास्ते में डिवाइडर से टकराकर कार पलट गई और हादसा हो गया। कॉन्स्टेबल की पिछले महीने 10 फरवरी को ही शादी हुई थी।

हादसे की सूचना के बाद उनके परिवार में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। कॉन्स्टेबल का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। हादसा ऋषभदेव थाना इलाके का है। डीएसपी चांदमल सिंगारिया ने बताया कि हादसे में कॉन्स्टेबल प्रवीण मीणा की मौत हो गई। वह सलूंबर जिले के सराडा थाने में तैनात थे। वह ऋषभदेव थाना क्षेत्र में भूधर के रहने वाले थे। हादसा नेशनल हाईवे.48 पर राजस्थान स्पिनिंग विलिंग मिल के पास हुआ था। हादसे में घायलों को भर्ती करवाया गया है। डीएसपी ने बताया कि कॉन्स्टेबल ऋषभदेव स्थित पीपली गांव में स्थायी वारंटी की तलाश के लिए जा रहे थे। रास्ते में डिवाइडर से टकराकर कार पलट गई।

# झीलों की नगरी में उत्साह और श्रद्धा से मनाया रंगों का पर्व

- **जगदीश चौक पर उडी गुलाल,डीजे पर झूमे युवा**
- **पंजाब के राज्यपाल ने भी खेली होली**
- **देशी.विदेशी पर्यटकों ने भी जमकर फेंका रंग**
- **चंद्रग्रहण के चलते मंदिरो में नहीं खेली होली**

**उदयपुर,** (का.स.) । उदयपुर। रंगों के पावन पर्व होली के उपलक्ष्य में जिले भर में सोमवार रात्रि पारंपरिक रीति.रिवाजों एवं वैदिक विधि.विधान के साथ होलिका दहन कार्यक्रम आयोजित किए गए। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा.अर्चना कर क्षेत्र की सुख.समृद्धि और खुशहाली की कामना की।मंगलवार को एक दूसरे के मुंह पर गुलाल लगा कर पर्व को और भी खुशनुमा बना दिया। चंद्रग्रहण के चलते उदयपुर के मंदिरो में होली नहीं खेली गई।

सिटी पैलेस उदयपुर के ऐतिहासिक माणक चौक में राजपरंपरा के अनुरूप होलिका दहन संपन्न हुआ। शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अग्नि प्रज्वलित की गई। इस अवसर पर पारंपरिक श्घेरश् नृत्य का आयोजन हुआ जिसने माहौल को उत्सवमय बना दिया। बडी संख्या में शहरवासी और पर्यटक इस आयोजन के साक्षीबने। मेवाड़ के 77वें श्री एकलिंग दीवान डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ , अध्यक्ष एवं प्रबंध न्यासी, महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फाउण्डेशन ने मेवाड़ की गौरवशाली एवं शताब्दियों पुरानी परम्पराओं का अनुपम निर्वहन करते हुए पण्डितों के वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पारम्परिक विधि.विधान से होलिका दीपन किया। मेवाड़ अंचल में इसका विशेष सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व है।इस पावन अवसर पर मेवाड़ क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों एवं मङ्गों से पधारे साधु.संतों और महंतों का विशेष सम्मान किया गया। सुभाष नव युवक मंडल की ओर से सुभाष चौराहे पर होलिका दहन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया थे।

कार्यक्रम में शहर विधायक ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा,आईजी गौरव श्रीवास्तव, कलेक्टर नामित मेहता, एसपी योगेश गोयल,नितुल चंडालिया, विनोद दलाल,अतुल चंडालिया, बाबूलाल नागोरी, कमलेश जावरिया सहित बडी संख्या में लोग मौजूद थे। उदयपुर शहर में खासकर जगदीश चौक में हर साल की तरह होली का जश्न बडे ही जोश और उत्साह से मनाया गया । पूरा चौक युवाओं से खचाखच भरा था। हिंदी.पंजाबी सॉन्स पर हर कोई मस्ती से झूमा और होली को मस्ती से खेला।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (SEIAA), भवानी सिंह लेन, सहकार मार्ग, जयपुर उनके फाइल क्रमांक: RJ/25/SEAC-4 (06)/INDI/EC/0007, (EC पहचान संख्या EC25B0901RJ5141700N) दिनांक 27.02.2026 से खसरा संख्या 3315 मी., गांव-लकड़वास, तहसील-गिर्वा, जिला-उदयपुर (राजस्थान) में प्रस्तावित बेनेफिशिएशन रॉक फॉस्फेट प्लांट की उत्पादन क्षमता 0.3 MTPA (1000 TPD) निर्माण के लिए वालिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड को पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अनुसार "पर्यावरण स्वीकृति" प्रदान की है। एवम वेबसाइट http://environmentclearance.nic.in/ पर भी उपलब्ध है। यह सार्वजनिक नोटिस पर्यावरण स्वीकृति पत्र के 11 (विविध) (11.1) की शर्त संख्या के अनुपालन में जारी किया गया है।

वास्ते
**For Valiya Industries Limited**
**Director**



**कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)**

Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ/उप.एकी./2026/18573 दिनांक : 4.3.2026

**- : आपत्ती सूचना :-**

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुद्धा/पट्टा शुद्धा के आधार पर भूखण्डों का उपविभाजन/एकीकरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर उपविभाजन/एकीकरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | पड़ौस का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1. | श्री रमेश चन्द्र लोढा पिता श्री हीरालाल लोढा निवासी-नाथद्वारा | भूखण्ड क्षैत्रफल-500 वर्गफिट, गोकुल विहार, आदर्श नगर, नया रोड, नाथद्वारा | गलीनुमा रास्ता | श्री रोशन लाल जी का भूखण्ड | रास्ता उसके आगे श्री सोहनलाल जी का मकान | मकान श्री संपतलाल जैन |
| 2. | श्री रोशन लाल लोढा पिता श्री हीरालाल लोढा निवासी-नाथद्वारा | भूखण्ड क्षैत्रफल-500 वर्गफिट, गोकुल विहार, आदर्श नगर, नया रोड, नाथद्वारा | श्री रमेशचन्द्र लोढा का भूखण्ड | अन्य का भूखण्ड | रास्ता उसके आगे श्री सोहनलाल जी का मकान | मकान श्री संपतलाल जैन |

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा


### फतहसागर की पाल पर होगा दो दिवसीय आयोजन

**उदयपुर,।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रत्येक जिले की विरासत और पारिस्थितिकी के संवर्धन के लिए प्रारंभ किए गए पंच गौरव कार्यक्रम के तहत उदयपुर जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देशन में नवाचार किया जा रहा है। आमजन को जिले के पंच गौरव से रूबरू कराने के उद्देश्य से दो दिवसीय जिला स्तरीय पंच गौरव मेला एवं प्रदर्शनी गुरूवार से फतहसागर की पाल पर प्रारंभ होगी। आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। पंच गौरव कार्यक्रम क्रियान्वयन सदस्य सचिव पुनीत शर्मा ने बताया कि जिला स्तरीय मेले व प्रदर्शनी का आयोजन फतहसागर की पाल पर स्थित टाया पैलेस के समीप होगा। मेले का शुभारंभ गुरूवार अपराह्न 3 बजे सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थिति में होगा। मेले के दौरान एक जिला एक उत्पाद- मार्बल एवं ग्रेनाईट,एक उपज - सीताफल, एक वनस्पति प्रजाति - महुआ, एक खेल - तैराकी तथा पर्यटन स्थल - फतहसागर एवं पिछोला से जुड़ी जानकारियां प्रदर्शित की जाएंगी। मेले और प्रदर्शनी के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

# 'शी नोज द ग्राउंड शी स्टैंड्स ऑन' कैंपेन लॉन्च

**उदयपुर,** । विश्व की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड जिंक उत्पादक और चांदी के वैश्विक शीर्ष पांच उत्पादकों में से एक, हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड ने जेंडर इंक्लूजन (लैंगिक समानता) की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया है। कंपनी की वर्कफोर्स में अब 26.3 प्रतिशत महिलाएं हैं, जो भारत के मेटल और माइनिंग सेक्टर में सबसे अधिक है यह एक ऐसा क्षेत्र जिसे पारंपरिक रूप से पुरुषों का काम माना जाता रहा है। कंपनी में अब 745 से अधिक महिलाएं कार्यरत है, जिनमें 314 से अधिक महिला इंजीनियर शामिल हैं।

ये महिलाएं अंडरग्राउंड माइंस, स्मेल्टर और तकनीकी कार्यों जैसी प्रमुख भूमिकाओं में कार्य कर रही हैं। हिन्दुस्तान जिंक ने महिलाओं को फ्रंटलाइन जिम्मेदारियों में शामिल कर एकब?ा श्?द्ध बदलाव किया है। कंपनी ने पहली बार महिलाओं को खदानों के भीतर, नाइट शिफ्ट में और अंडरग्राउंड माइन रेस्क्यू टीम में शामिल करने जैसी अनूङ्गी पहल की है। रोबोटिक्स, ऑटोमेशन और इंडस्ट्री 4.0 के उपयोग ने माइनिंग को और अधिक सुरक्षित बनाया है, जिससे महिलाएं इन तकनीकी क्षेत्रों में बढ-चढ़कर अपना करियर बना रही हैं। कंपनी ने महिलाओं की भागीदारी को औरबढावा देने के लिए 25 दिनों का एक खास कैंपेन शुरू किया है, जिसका नाम है 'शी नोज द ग्राउंड शी स्टैंड्स ऑन' इस कैंपेन के जरिए कंपनी उन महिलाओं की कहानियों को सामने ला रही है जो माइनिंग और मेटल इंडस्ट्री में अपनी विशेषज्ञता और साहस से बदलाव ला रही हैं। इसमें विज्ञान की छात्राओं को भी माइनिंग ऑपरेशंस का अनुभव कराया गया है। इन ऑपरेशन्स को आत्मविश्वास और अनुभव के साथ लीड करने वाली असाधारण महिलाओं से मिला जा रहा है। यह ऑपरेशन्स में साइंस से कहीं अधिक है, यह साइंस में महिलाएँ हैं जो एक बदलाव की लहर जगा रही हैं, जो स्टेम स्टूडेंट्स को प्रेरित करने की नींव से बनी है। कैंपेन के मुख्य हिस्से में, कंपनी ने भारत के सबसे उत्कृष्ट साइंस कॉलेज से 15 से अधिक डाइनैमिक महिलाओं को एक इमर्सिव सोशल एक्सपेरिमेंट के लिए आमंत्रित किया गया। उन्होंने हिन्दुस्तान जिंक के माइनिंग ऑपरेशन्स में काम किया, लोगों की सोच को हकीकत से जोड़ा और मेटल्स और माइनिंग में आगे बढने के लिए अपनी क्षमता को जगाया। इससे पहले, अलग-अलग स्टेम महिलाओं को अपने क्षेत्र में आत्मविश्वास से आगे बढ़ कर कार्य करते हुए अवगत कराया गया, साथ ही काम पर जिंक महिलाओं की जीवंत डे इन द लाइफ झलकियों को भी दिखाया, इंडस्ट्री के अनुभवों के साथ टेस्टिमोनियल्स भी दिखाए गये है। यह दिखाता है। कि मेटल्स का भविष्य साइंस में महिलाओं पर क्यों निर्भर करता है, सिर्फ हिस्सा लेने के लिए नहीं, बल्कि इनोवेट करने, लीड करने और फील्ड को फिर से डिफाइन करने के लिए और इसका मकसद हैवी इंडस्ट्री और स्टेम करियर में महिलाएं क्या हासिल कर सकती हैं, इस बारे में सोच को फिर से परिभाषित करना है। इस बदलाव को हिन्दुस्तान जिंक की डिजिटल माइंस लीड कर रही हैं।


**कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)**

Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ./नामा./2026/18582 दिनांक : 4.3.2026

**- : आपत्ती सूचना :-**

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुद्धा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया हैं। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी:-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | पड़ौस का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1. | श्री रमेश चन्द्र लोढा पिता श्री हीरालाल लोढा निवासी-नाथद्वारा | भूखण्ड क्षैत्रफल-500 वर्गफिट, गोकुल विहार, आदर्श नगर, नया रोड, नाथद्वारा | गलीनुमा रास्ता | श्री रोशन लाल जी का भूखण्ड | रास्ता उसके आगे श्री सोहनलाल जी का मकान | मकान श्री संपतलाल जैन |
| 2. | श्री रोशन लाल लोढा पिता श्री हीरालाल लोढा निवासी-नाथद्वारा | भूखण्ड क्षैत्रफल-500 वर्गफिट, गोकुल विहार, आदर्श नगर, नया रोड, नाथद्वारा | श्री रमेशचन्द्र लोढा का भूखण्ड | अन्य का भूखण्ड | रास्ता उसके आगे श्री सोहनलाल जी का मकान | मकान श्री संपतलाल जैन |

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा



**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म M/s Shree Kanak Minchem (पंजीयन संख्या: RF/UDP/2018/3206) के संविधान एवं मुख्य व्यावसायिक स्थान के पते में दिनांक 27.02.2026 से निम्नलिखित परिवर्तन किए गए हैं:

नये भागीदार-दिनांक 27.02.2026 को प्रात: काल से श्री सागर शर्मा एवं श्री शैतान को फर्म में नये भागीदार के रूप में शामिल किया गया है।

रिटायर भागीदार-फर्म की भागीदार कुमारी चंदा मेघवाल एवं श्री लोकेश मेघवाल अपनी स्वेच्छा से दिनांक 27.02.2026 को सायं काल से फर्म से रिटायर हो गए हैं। अब फर्म की किसी भी जिम्मेदारी के लिए वे उत्तरदायी नहीं होंगे। पते में परिवर्तन: फर्म का मुख्य व्यावसायिक स्थान दिनांक 27.02.2026 से उदयपुर से परिवर्तित होकर निम्न पते पर स्थानांतरित हो गया है: NewAddress: RaghuveeraVilla, Near MLD College, Ajmer Road, Kekri, Rajasthan – 305404. यदि किसी व्यक्ति, बैंक या वित्तीय संस्था को इस पुनर्गठन या पते के परिवर्तन के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 (सात) दिनों के भीतर जिला उद्योग केंद्र, उदयपुर/(राजस्थान) के कार्यालय में सूचित करें।

फर्म की ओर से:
**M/s Shree Kanak Minchem**
दिनांक: 05.02.2026


### कॉलोनियों में अंडरपास नही होने से लोग हो रहे परेशान

**उदयपुर,** (का.स.) । उदयपुर शहर से डबोक की तरफ कॉलोनियों में जाने के लिए पूरा एरिया विकसित कर दिया गया लेकिन यहां आने के लिए हाईवे पर कोई अंडरपास नहीं दिया गया। इसके चलते एक दर्जन से ज्यादा कॉलोनियों के करीब 25 हजार लोग अंडरपास नहीं होने से परेशान हो रहे हैं। इतनी आबादी वाले इलाके को अंडरपास की जरूरत है, लेकिन आज तक उदयपुर विकास प्राधिकरण ने इसका प्लान नहीं बनाया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत लाखागुडा, पंचायत समिति भीम, जिला राजसमंद**

क्रमांक: निविदा/ग्रा.पं. हा/2025-26/SPL-16 दिनांक:- 28.02.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 03/2025-26**

ग्राम पंचायत लाखागुडा में वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत कार्यों/संकर्म हेतु ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत प्रतिष्ठानों/संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में आनलाइन निविदाये आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण eproc.rajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in से upload/download की व देखी जा सकती है।

NIB NO- ZRR2526A0660
UBN NO- ZRR2526WSRC01126

| प्रशासक | ग्राम विकास अधिकारी |
|---|---|
| ग्राम पंचायत लाखागुडा | ग्राम पंचायत लाखागुडा |
| पं. स. भीम (राजसमन्द) | पं. स. भीम (राजसमन्द) |



**कार्यालय नगर परिषद निम्बाहेड़ा जिला - चित्तौड़गढ़ (राज.)**

क्रमांक/नपनि/निर्माण/25-26/7799 दिनांक 04/03/2026

**निविदा निरस्तीकरण आदेश**

नगर परिषद निम्बाहेड़ा निर्माण शाखा द्वारा पत्र क्रमांक/न.प.नि./निर्माण/25-26 / 6725 दिनांक 12-01-2026 से जारी निविदा सूचना संख्या-ई-28/2025-26 आमन्त्रित की थी, जिसमे निविदा संख्या 2,3,4,5,7,8,10,12,13,15,16,18,20 22,23,24,27,28-29,30,31 जिनके यूबीएन नं. निम्मानुसार है इन निविदाओं को परीक्षण उपरान्त तकनीकी कारणो से तुरन्त प्रभाव से निरस्त/प्रत्याहारित किया जाता है

**UNIQUE BID NUMBER**

DLB2526WSRC3110, DLB2526WSRC31106, DLB2526WSRC31107 DLB2526WSRC31109, DLB2526WSRC31112 DLB2526WSRC31114, DLB2526WSRC31117, DLB2526WSRC31122, DLB2526WSRC31123, DLB2526WSOB31127 DLB2526WSOB31129, DLB2526WSRC31132, DLB2526WSRC31135, DLB2526WSOB31138, DLB2526WSOB31139 DLB2526WSRC31141, DLB2526WSRC31146, DLB2526WSRC31150, DLB2526GLRC31152, DLB2526WSRC31155 DLB2526WSRC31157

कौशल कुमार खदूमरा (आयुक्त) - नगर परिषद निम्बाहेड़ा


# गैर नृत्यों की थाप पर ग्रामीण झुमें, होली का दहन

- **धुलण्डी व ढूंढोत्सव के साथ मनाई गई होली**

**डूंगरपुर।** सोमवार को देर रात्रि में होलिका दहन के साथ ही होली पर्व का शुभारंभ हुआ,जो कि धुलण्डी व ढूंढोत्सव के साथ धूमधाम के साथ मनाया गया। सोमवार को देर रात्रि को परम्परा के अनुसार जूना महल में वैदिक मंत्रोच्चारों के बीच होली प्रकुटाई गई इसके पश्चात विभिन्न मोहल्लों के युवा अंगारें लेकर अपने अपने मोहल्लों में होली दहन का कार्यक्रम प्रारंभ किया जहां पर महिलाओं ने होलीका माता की पूजा अर्चना की। इसके पश्चात नव विवाहिताओं व पहली होली मना रहे बच्चों को लेकर परिक्रमा की गई। इसके पश्चात घरों में ठंडाई वितरित की गई। वही दूसरी ओर जैन समाज के बालकों को मंदिरों में परिक्रमा करवाई गई। इससे पूर्व गाजे-बाजे के साथ महिलाएं मगल गीत गाती हुई मंदिर स्थल पर पहुंची मंगलवार को सूरज की पहली किरण के साथ ही नन्हें मुन्ने बालकों की टोलियां होली है,के नारों के साथ सडकों पर निकल गई तथा जैसे जैसे सूरज चढता गया युवा, महिलाएं, युवतियां व पुरूष अपनी अपनी टोलियों के साथ होली है के नारों को गुंजायमान करते हुए ढोल नगाडो की थाप के साथ एक दूसरे को गुलाल, अबीर, से सरोबार करते देखे गये व कई युवा व युवतियां पक्के रंगों से भी होली का आनंद ले रहे थे। इस दौरान न्यू कॉलोनी, हाउसींग बोर्ड, शास्त्री कॉलोनी, कंसारा चौक, सोनिया चौक, घुमटा बाजार, माणक चौक, सर्राफा बाजार, दर्जीवाडा, ,वखारियां चौक,घाटी, सलाटवाडा सुथारवाडा, भोईवाडा, मोची बाजार, में सभी ने जमकर होली का आनंद लिया। इसके पश्चात बुधवार को जिले भर में ढूंढोत्सव के कार्यक्रम आयोजित हुए। वही इस दौरान जगह-जगह पर ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा शहरी क्षेत्रों में गैर नृत्यों का आयोजन हुआ। जहां परम्परागत ढोल की थाप पर घण्टों तक गैर का आयोजन हुआ। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक ने जिले भर में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए की गई व्यवस्था के कारण इस बार वाहन रोकने वाले व अन्य असामाजिक तत्वों पर इसका खासा प्रभाव पडा। जिसके चलते आम जन को यात्रा में कोई परेशानी नहीं हुई।

**ब्रह्मस्थली कॉलोनी में होली की धूमः**-फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष पर आयोजित होली त्यौहार के अवसर पर ब्रह्मस्थली कॉलोनी स्थित सिद्धि विनायक मंदिर परिसर में मंदिर समिति ओर कॉलोनी निवासियों द्वारा होली उत्सव आयोजित किया गया। सोमवार प्रात:शुभ मुहूर्त में खड्डा कर पंडित गीतेश पंड्या के सानिध्य में विधिवत वैदिक विधि विधान से सेमल काष्ठ (होलिका) का पूजन कर स्थापित किया गया। उसके पश्चात अन्य लकडयों ओर कण्डों से होली निर्मित कर अबील गुलाल और रंगों से आकर्षक सज्जा की गई। पूरे दिन भर कॉलोनी ओर आस पास के क्षेत्र से ठंडी होली की पूजा करने आई महिलाओं द्वारा होली की पूजा की गई।

संध्या काल में शुभ मुहूर्त में समिति अध्यक्ष के साथ सभी ने पूजा कर आचार्य नरेश के साथ अग्नि प्रज्वलित कर होली दहन किया। इसके बाद गर्म होली पूजन वाली महिलाओं ने होली की पूजा की। नन्हे नवजात बच्चों की होली पर ढूंढ की गई। होली के गीतों के साथ भगवान गणेशजी की आरती कर प्रसाद वितरण किया। होली की सभी ने एक दूसरे को शुभकामना दी। इस अवसर पर पूनमचंद लबाना, ओम व्यास, सतीश शाह, प्रवीण श्रीमाल, नारायण पुरोहित, विशाल शर्मा, मदनसिंह, प्यारचंद चौबीसा, हेमंत शर्मा, दिनेश उपाध्याय, डॉ. अरुण पंड्या, विजय लक्ष्मी श्रीमाल,सुमित्रा चौबीसा, मीनाक्षी पंड्या, सरिता व्यास, शीला श्रीमाल, करुणा उपाध्याय, सिंपल शाह, अदिति सोनी, प्रियंका पंचाल सहित बडी संख्या मे मातृ शक्ति उपस्थित रही।


**कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)**

Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ/उप.एकी./2026/18212 दिनांक : 20.2.2026

**- : आपत्ती सूचना :-**

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुद्धा/पट्टा शुद्धा के आधार पर भूखण्डों का उपविभाजन/एकीकरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर उपविभाजन/एकीकरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | पड़ौस का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1. | श्री दिनेश चपलोत एवं श्री मयंक जैन निवासी-नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या- सी क्षैत्रफल- 1800 वर्गफिट, नाथद्वारा | श्रीमती सरोज देवी का का भूखण्ड | 30 फिट रोड | भूखण्ड संख्या-बी | भूखण्ड श्री विजय कुमार |

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा



**कार्यालय ग्राम पंचायत बालातो की गुआर, पंचायत समिति भीम, जिला राजसमंद**

क्रमांक: निविदा/ग्रा.पं.स/2025-26/SPL-10 दिनांक:- 28.03.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 05/2025-26**

ग्राम पंचायत बालातो की गुआर में वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत कार्यों/संकर्म हेतु ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत प्रतिष्ठानों/संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में आनलाइन निविदाये आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण eproc.rajasthan.gov.in वsppp.rajasthan.gov.in से upload/download की व देखी जा सकती है।

NIB NO- ZRR2526A0664
UBN NO- ZRR2526WSOB01130

| प्रशासक | ग्राम विकास अधिकारी |
|---|---|
| ग्राम पंचायत बालातो की गुआर | ग्राम पंचायत बालातो की गुआर |
| पं. स. भीम (राजसमन्द) | पं. स. भीम (राजसमन्द) |